SI. No.	District/Place	No. of Hostels sanctioned as on date since inception of the scheme
17	Gwalior	4
18	Harda	1
19	Indore	6
20	Itarsi .	1
21	Jabalpur	3
22	Khajuraho .	1
23	Khandwa	2
24	Mandala	1
25	Mandsaur	1
26	Morena	1
27	Neemuch	1
28	Nepanagar .	1
29	Piplani	1
30	Raigarh .	1
31	Raipur	4
32	Rajgarh	1
33	Rajnandgaon	1
34	Ritlam	2
35	Reewa	1
36	Sagar .	1
37	Seoni .	2
38	Shajapur	1
39	Shivpuri	1
40	Sihore	1
41	Tikamgarh .	1
42	Ujjain	1
43	Vidisha	1
44	West Nimar	1
TOTAL		65

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की लड़कियों का शैक्षिक विकास

4095. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा वर्ष 1993 के दौरान अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और आदिवासी क्षेत्रों की लड़कियों के शैक्षिक विकास के लिए कोई योजना शुरू कर दी गई है;

(ख) क्या मध्य प्रदेश में, विशेष रूप से राज्य के आदिवासी क्षेत्रों की लड़कियों के लिए ऐसा कोई शैक्षिक विकास कार्यक्रम शुरू किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस योजना के अंतर्गत अब तक की उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) केंद्रीय कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 1993-94 से आदिवासी क्षेत्रों में महिला साक्षरता के विकास के लिए कम साक्षरता वाले क्षेत्रों में शैक्षिक परिसर नामक एक नई योजना आरंभ की है । इस योजना के अंतर्गत 13 शैक्षिक परिसरों की स्थापना के लिए मध्य प्रदेश के 4 गैर-सरकारी संगठनों सहित 13 गैर-सरकारी संगठनों को 31-12-1993 तक 0.81 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं ।

गुजरात में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदान की गई छात्रवृत्तियां

4096. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के वर्षों के दौरान गुजरात में कितने शोध-छात्रों को उनके शोध-कार्यों हेतु छात्रवृत्तियां प्रदान की गई हैं;

(ख) उनमें से जिले-वार कितने शोध-छात्र अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के हैं; और

(ग) वर्ष 1994-95 के वर्ष के लिए कितने शोध-छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की सिफारिश की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

मणिपुर में स्वैच्छिक संगठनों को केन्द्रीय सहायता

4097. **श्री डब्ल्यू० कुलजित सिंह :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मणिपुर में कितने स्वैच्छिक संगठनों को वित्त वर्ष 1990-91, 1991-92 और 1992-93 में हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु केन्द्रीय सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई थी;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार केवल क्षेत्रीय या राज्य-स्तर की समितियों की सिफारिशों पर ही सहायता प्रदान करती है या सरकार सहायता को मंजूर करने से पहले स्वतंत्र रूप से जांच करती है ; और

(ग) क्या मणिपुर हिन्दी शिक्षक संघ, इम्फाल द्वारा नियमित रूप से प्रकाशित की जा रही "धुमशालेशा" के नाम से एक हिन्दी मासिक पत्रिका, जिसे अनेक वर्षों से लगातार अनुदान मिल रहा था, को गुवाहाटी